हैदराबाद ग्रामीण विकास सोसाइटी का कार्यकरण

3889. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हैदराबाद ग्रामीण विकास सोसाइटी अब तक केवल सैद्धांतिक कार्य कर रही है; यदि हां, तो क्या सरकार उसे 10 पंचायतों का एक मंडल बनाकर गांवों का एक समूह देने का विचार रखती है ताकि वह प्रत्येक गांव को अपनी इच्छा के अनुरूप व्यवहारिक रूप से विकसित कर सके ; और

(ख) क्या सरकार इस सोसाइटी द्वारा वैसा ही ग्रामीण विकास कार्य करने का विचार रखती है जैसाकि दक्षिणी कोरिया में न्यू रूरल रिजनरेशन सोसाइटी ने किया है ?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र मकवाणा): (क) और (ख) इस विभाग को हैदराबाद ग्रामीण विकास सोसाइटी के कार्यकरण के बारे में कोई जानकारी नहीं है । साथ ही, ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है जैसा कि प्रश्न में उल्लेख किया गया है ।

Sale of scarce items in the black market

3S90. SHRI RAJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to state:

(a) whether Government are aware that some members of the staff of the Super Bazar, Delhi sell scarce items

like Palmolein oil etc. at black market; and

Ob) if so, what steps Government have taken to check the evil?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI H. K. L. BHAGAT): (a) and (b) The Super Bazar has reported that recently there were two specific cases of irregularities in the sale of Palmolein oil by certain members of its staff. In both the cases, complaints have been lodged with the Police. In addition, departmental action has been initiated against the persons concerned. The Super Bazar has reported that strict vigilance is being exercised through surprise checks over the sale of such commodities.

दिल्ली के उपराज्यपाल को "कारण बताओ नोटिस"

3891. **श्री रामसिंह भाई पातलीयाभाई राठवा : क्या शहरी विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने पीतमपुरा में एक मकान के दो फुट जमीन में धंस जाने के मामले के संबंध में दिल्ली के उपराज्यपाल (जो दिल्ली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष भी हैं), दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपा-